# BULANDSHAHR POLICE

**दिनाँक 27 सितम्बर, 2025** **CRACKDOWN BULANDSHAHR** **थाना स्याना**

**गैंगस्टर एक्ट में वांछित बदमाश के साथ थाना स्याना की महिला पुलिस टीम व स्वाट टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 15,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चोरी की बाइक बरामद।**

अवगत कराना है कि आगामी त्यौहार व मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अन्तर्गत दिनांक 27.09.2025 को थाना स्याना की महिला पुलिस टीम व स्वाट टीम, स्याना-बुलन्दशहर रोड पर पशु पैठ के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी तभी बुलन्दशहर की तरफ से एक बाइक पर सवार संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रुकने का इशारा किया गया, नही रुका बल्की बाइक को तेजी से मोड़कर बम्बे की पटरी की ओर भागने का प्रयास करने लगा। जिसपर बदमाश की बाइक बम्बे से कुछ दूरी पर खड़ंजे से टकराकर अनियन्त्रित होकर फिसल गयी। बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान उमर मौहम्मद पुत्र शाहिद निवासी उस्मान कालोनी/कल्लू गढी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद के रुप में हुई हैं। जिसको उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस, चोरी की बाइक बरामद हुई है।

उल्लेखनीय है कि बदमाश शातिर किस्म का गैंगस्टर अपराधी है, जोकि थाना स्याना पर पंजीकृत मुअसं-109/25 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 में वांछित चल रहा था। अभियुक्त उमर मौहम्मद के विरूद्ध चोरी/नकबजनी/लूट/गैंगस्टर आदि के करीब 07 अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर द्वारा 15,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. उमर मौहम्मद पुत्र शाहिद निवासी उस्मान कालोनी/कल्लू गढी थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद।

**बरामदगी-**

1- 01 प्लेटीना मोटरसाइकिल (DL 9S AQ1265) चोरी की

2- 01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा व 01 खोखा कारतूस।

**अभियुक्त उमर मौहम्मद का आपराधिक इतिहास-**

1- मुअसं-382/24 धारा 60/63 आबकारी अधि0 थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद।

2- मुअसं-555/24 धारा 305/317(2)/331(4)/61(2) बीएनएस थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।

3- मुअसं-556/24 धारा 305/317(2)/331(2)/61(2) बीएनएस थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।

4- मुअसं-357/24 धारा 305/317(2)/331(4)/61(2) बीएनएस थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।

5- मुअसं-354/25 धारा 25/27/3 आयुधि अधि0 व 109(1)/3(5) बीएनएस थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद।

6-  मुअसं-353/25 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद।

7-  मुअसं-109/25 धारा 2/3 गैंगस्टर अधि0 थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना स्याना पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**-

1-  श्री यज्ञदत्त शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना स्याना।

2-  म0उ0नि0 अंजली सिंह, म0उ0नि0 अंकिता सिंह,उ0नि0 अजय कुमार, उ0नि0 शिवम शर्मा।

3-  म0है0का0 मंजू रानी, म0का0 नीलम, का0 सन्दीप बालियान।


**स्वाट टीम**-


1-  मोहम्मद असलम, प्रभारी स्वाट टीम

2-  है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव, है0का0 राहुल त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, है0का0 अनुज राठी, है0का0 अंकुर धामा,का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 सचिन चौहान, का0 श्याम सुंदर,का0 अमित कुमार










**मीडिया सेल बुलंदशहर**